**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 4179 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024/29 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है

**निर्यात के लिए कंटेनरों की कमी**

**†4179. श्री मड्डीला गुरूमूर्ति :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने निर्यात हेतु कंटेनरों की कमी के मुद्दे पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) से (ग):** सूचना के अनुसार कंटेनरों की अत्यधिक कमी नहीं है। पोत के केप ऑफ गुड होप से गुजरते हुए अधिक लंबे मार्ग लेने की वज़ह से यात्रा में अधिक समय लगा, जिससे भारतीय निर्यात सहित वैश्विक व्यापार प्रभावित हुआ है। इसके परिणामस्वरूप, वस्तुओं को अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचने में अधिक समय लगता है।

*****